तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है

तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है
बाकी सब कुछ बाबा तुझपर छोड़ दिया है
क्या देना है क्या न देना तू जाने

मैंने इसकी चिंता से मुह मोड़ लिया है
तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है

तुझपे भरोसा है किया तेरा ही सहारा है
आंधी समय की लाख चले आधार तुम्हारा है
मैंने सुना संवारे तू हारे का सहारा है
तेरी शरण में जो रहे वो कभी न हारा है
हार जीत का फंदा मैंने तोड़ दिया है
बाकि सब कुछ बाबा तुझपर छोड़ दिया है
तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है

तेरी दया की दोलत है हीरे और मोती
देखू तुझे तो देदी है तुमे आँखों की ज्योति
मुझको नही ये ज्ञान तूने क्या मुझ में देखा
प्रेमी बनू तेरा तूने खीची हो रेखा
लालच की हांडी को मैंने फोड़ दिया है
बाकि सब कुछ बाबा तुझपर छोड़ दिया है
तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है

होता वही जो मर्जी तेरी सारे है केहते फिर भी न जाने
क्यों सभी किस खाब में रहते
इतना ही मांगू आप से छुटे न चाकरी
चोकठ पे तेरी निकले मेरी सास आखिरी
चोखानी ने चंचल मन को जिजोड दिया है
बाकि सब कुछ बाबा तुझपर छोड़ दिया है
तेरे दिल से अपने दिल को जोड़ लिया है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19788/title/tere-dil-se-apne-dil-ko-jod-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |